हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 9 जनवरी 2024



तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 14. 0 डिग्री

2
धूमधाम से मना रितेश्वर महाराज का प्रागट्य दिवस



# जांजगीर चांपा कलेक्टोरेट सहित सभी कार्यालय में अब राष्ट्रगान से शुरू होगा कामकाज

## कलेक्टर आकाश छिकारा की अभिनव पहल, कई सरकारी कार्यालयों में हुई शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जांजगीर चांपा कलेक्टोरेट सहित सभी शासकीय कार्यालय, नगरीय निकाय एवं जनपद कार्यालयों में राष्ट्रगान के साथ कामकाज की शुरूआत की जाएगी। इसे लेकर नवपदस्थ कलेक्टर ने इसका पालन करने के निर्देश दिए। शुरूआत में ही सोमवार 8 जनवरी को कलेक्टोरेट परिसर में राष्ट्रगान के साथ कामकाज की शुरूआत की गई।

ज्ञात हो कि जांजगीर चांपा जिले के नवपदस्थ कलेक्टर आकाश छिकारा ने एक अभिनव पहल की शुरूआत की है। जिसके तहत जिले के कलेक्टोरेट परिसर, नगरीय निकाय एवं जनपद पंचायत समेत सभी सरकारी कार्यालयों में कामकाज के पूर्व राष्ट्रगान अनिवार्य रूप से गाया जाएगा। इस तरह की व्यवस्था बनाने कलेक्टर ने दिशा निर्देश जारी किए। इसी के तहत सोमवार 8 जनवरी को जांजगीर चांपा कलेक्टर शआकाश छिकारा ने कलेक्टोरेट सहित जिला, जनपद, नगरीय निकाय के सभी विभागों के कार्यालय की शुरुआत राष्ट्रगान से प्रारंभ करने के निर्देश दिए है। सोमवार 8 जनवरी को कलेक्टोरेट परिसर में सुबह 10 बजे कामकाज की शुरुआत राष्ट्रगान से की गई। इस दौरान सुविचार भी रखे गए। इस मौके पर अपर कलेक्टर एस पी वैद्य, गुड्डु लाल जगत, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती निशा नैताम मंडावी, डिप्टी कलेक्टर संदीप ठाकुर सहित अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।





### विभिन्न कार्यालयों में हुआ राष्ट्रगान

जिला कलेक्टोरेट के अलावा जिला पंचायत, आदिवासी विकास, कार्यालय श्रम पदाधिकारी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, उद्यानिकी विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, रेशम विभाग, सहकारी बैंक, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं विभागों इसकी शुरूआत की गई। जहां अधिकारी कर्मचारियों ने कार्यालय में राष्ट्रगान गाया गया। इसके बाद कामकाज की शुरूआत हुई।

## खबर संक्षेप

### महुदा में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन आज

**जांजगीर-चांपा।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बलौदा (महुदा) में 9 जनवरी को सुजुकी मोटर्स - द प्लेसर की ओर से आईटीआई पास विभिन्न व्यवसायों हेतु कैंपस का आयोजन किया गया है। प्राचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बलौदा महुदा ने बताया कि 9 जनवरी को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बलौदा (महुदा) में सुजुकी मोटर्स - द प्लेसर (कैंपस रिक्रूटमेंट पार्टनर) की ओर से 21500 रुपये मासिक की दर से एनसीव्हीटी एवं एससीव्हीटी के विभिन्न व्यवसाय मोटर मैकेनिक, टर्नर, मशीनिष्ट, वेल्डर, इलैक्ट्रिशियन, टूल एण्ड डाई मेकर, प्लास्टिक प्रोसेसिंग ऑपरेटर, ट्रैक्टर मैकेनिक, पेंटर जनरल) के ऐसे प्रशिक्षणार्थी जो कि 2017 से 2023 के बीच पास हुये हैं एवं जिनकी आयु 18-24 वर्ष हो आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक आवेदक 9 जनवरी को प्रातः 9 बजे समस्त आवश्यक दस्तावेज के साथ संस्था में उपस्थित हो सकते हैं।

### चांपा में पारंपरिक गौशाला बाजार का आयोजन 21 को

**जांजगीर-चांपा।** स्थानीय श्री कृष्ण गौशाला चांपा परिसर में रविवार 21 जनवरी को गौशाला बाजार आयोजित होगा। श्री कृष्णचंद्र भगवान तथा गौ माता के पूजन एवं महाआरती के बाद मेला बाजार प्रारंभ होगा। बाजार की तैयारी जोर शोर से की जा रही है। पांच दशक से आयोजित होने वाले इस पारंपरिक गौशाला बाजार में आकर्षक झूले, मिकी माउस, खेल तमाशे, मनिहारी दुकानें, बर्तन दुकानें, सब्जी दुकान पेठा दुकानें ,खिलौने की दुकानें, सोने चांदी की दुकानें, कपड़े जूते की दुकानें होटल, गुपचुप चाट के ठेले सहित विभिन्न दुकानें मेले को सुशोभित करेगी। वहीं स्थानीय तथा दीगर राज्यों से भी व्यापारी बंधु इस मेले में शिरकत करते है। गौशाला बाजार चांपा समिति ने व्यापारियों से अनुरोध किया है कि समय से पहले ही अपना स्थान चिन्हित करा कर मेलें में अपनी भागीदारी और सहयोग देवें।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन 15 तक

**जांजगीर-चांपा।** राज्य में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई आदि के प्राचार्य, संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमे अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं, को सूचित किया गया है कि शिक्षा सत्र 2023-24 हेतु ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के पंजीयन स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट पर ऑनलाइन की जा रही है। राज्य में अध्ययनरत विद्यार्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन के लिए 15 जनवरी तक, ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक करने हेतु 25 जनवरी तक एवं सेक्शन स्वीकृति लॉक करने 10 फरवरी तक निर्धारित की गई है।

### लंबे समय से फरार वारंटी को बिलासपुर से किया गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** नियत पेशी दिनांक को उपस्थित नही होने माननीय न्यायालय पामगढ़ द्वारा आरोपी का गिरफ्तारी वारंट निकाली गई है। उक्त वारंटी आरोपी सुरेन्द्र कुमार टण्डन को गिरफ्तार किया गया है। जिसे संबधित मानीय न्यायालय में पेश किया जावेगा। मिली जानकारी के अनुसार आरोपी के विरूद्ध धारा 384 भादवि के तहत प्रकरण है विचाराधीन न्यायालय मेंजिला पुलिस द्वारा फरार गिरफ्तारी वारंटियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है। थाना मुलमुला को प्राप्त होने पर थाना मुलमुला पुलिस द्वारा मुखबीर सूचना से आरोपी को उसके सकुनत से 8 जनवरी को गिरफ्तार किया गया है जिसे माननीय न्यायालय में पेश किया गया।

## चारपहिया समेत बड़े वाहन चालकों को होती है आवाजाही में परेशानी

# परेशानी का सबब बना पाराघाट टोल प्लाजा, आए दिन आधी लेन रहती है बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जांजगीर-बिलासपुर फोरलेन पर पाराघाट टोल प्लाजा समस्याओं का पर्याय बन चुका है। यहां वाहनों के आने जाने के लिए 10 लेन बनाए गए है, लेकिन अधिकांश समय आधे से अधिक लेन पर आवागमन बंद होता है। केवल 3-4 लेन पर ही आवाजाही होती है। जिसके कारण छोटी बड़ी गाड़ियों की लंबी कतार लग जाती है।

गौरतलब है कि आवागमन को सुलभ बनाने शासन द्वारा रायगढ से रायपुर तक चमचमाती सड़क बनवाई गई है। इस सड़क पर टोल प्लाजा बनाए गए है, जहां चारपहिया, छह पहिया और अन्य भारी वाहनों के टोल टैक्स लिया जाता है। टोल टैक्स जमा करने की प्रक्रिया को सरल करते हुए फास्ट टैग की व्यवस्था बनाई गई है, ताकि फोर लेन पर सफर करने वाले बड़े वाहन चालकों को टोल टैक्स का भुगतान नगद रूप से करने में समय ना लगे। फास्ट टैग होने पर टोल प्लाजा में कुछ ही सेकंड में स्कैन हो जाता है और वाहन मालिक के खाते से ऑनलाइन भुगतान हो जाता है, लेकिन जांजगीर और बिलासपुर के बीच पाराघाट टोल प्लाजा वाहन चालकों के लिए समस्याओं का पर्याय बन गया है। फास्ट टैग होने के बाद भी यहां पर वाहनों की कतार लगी होती है। इसका मुख्य कारण टोल प्लाजा पर बने 10 में से 5-6 लेन के बंद होने का है। किसी ना किसी कारणवश दोनों ओर के 2-3 लेन पर आवाजाही बंद कर दी जाती है। ऐसे में जहां छोटे बड़े वाहनों की 1-2 लेन पर कतार लग जाती है, तो उस पर भी स्कैन करने में टाईम लगने पर और भी समस्या होती है। इस तरह की शिकायतें यहां के लिए कोई नई बात नहीं है। फोर लेन पर सफर करने वाले लोगों के मुताबिक सोमवार 8 जनवरी को ही जांजगीर से बिलासपुर की ओर छोटी बड़ी गाड़ियों के लिए सिर्फ दो लाइनें खुली थी, तो बाकी के तीन को बंद कर दिया गया था, तो बिलासपुर से जांजगीर की ओर आने वाली लेन में ही दो लेन पर आवागमन बंद रहा। कुल मिलाकर 10 लेन होने के बाद भी यहां 4-6 लेन पर ही आवागमन होता है। जांजगीर और बिलासपुर के बीच पाराघाट टोल प्लाजा वाहन चालकों के लिए समस्याओं का पर्याय बन गया है। फास्ट टैग होने के बाद भी यहां पर वाहनों की कतार लगी होती है।





पाराघाट टोल प्लाजा में आधे से अधिक लेन बंद।

### चल रहा मेंटनेस

कुछ कुछ तकनीकी समस्याएं आती है। जिसके कारण मेंटनेंस कार्य कराया जाता है। ऐसे में आवागमन को बंद करते है। इसके अलावा ट्रैफिक कम होने पर भी कुछ लेन को बंद करते है।

**-राज सिंह,**
मैनेजर
पाराघाट टोल प्लाजा

### लेंगे जानकारी

टोल प्लाजा में नियमानुसार सभी लेन पूर आवागमन होना है। कही कोई दिक्कत होती है तो तत्काल सुधार कार्य होना चाहिए। हाईवे टोल प्लाजा में इस तरह की शिकायत है तो जानकारी ली जाएगी।

**-एस.पी. वैद्य,**
अपर कलेक्टर
जांजगीर चांपा

# पासबुक की चोरी फिर फर्जी हस्ताक्षर कर खाते से निकाल लिए ढाई लाख

## पति पत्नी समेत सहयोगी महिला को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



बैंक पासबुक की चोरी कर फर्जी तरीके से ढाई लाख रूपए आहरण करने वाले पति पत्नी समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मामला चांपा थाना अंतर्गत ग्राम कोसमंदा के बैंक आफ इंडिया का है।

इस संबंध में चांपा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थीया आशा बाई चौहान उम्र 32 साल निवासी कोसमंदा थाना चांपा ने 8 जनवरी को रिपोर्ट दर्ज कराई की उसके बैंक ऑफ इंडिया ग्राम कोसमंदा में शाखा से राजकुमार चौहान उम्र 42 वर्ष निवासी कोसमंदा थाना चांपा उसकी पत्नी आशा देवी चौहान उम्र 38 साल ने एक अन्य महिला उतरा बाई चौहान उम्र 32 वर्ष के साथ मिलकर अलग अलग किस्तों से कुल 2 लाख 55 हजार रुपए को निकल कर धोखाधड़ी कर फर्जी तरीके से आहरण कर पैसा लिया है। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरुद्ध थाना चांपा में धारा 419, 420, 467, 468,417,120 बी, 34 भादवी कायम कर विवेचना मे लिया गया। आरोपी राजकुमार चौहान, आशा देवी चौहान एवम उतरा बाई चौहान सभी निवासी कोसमंदा को चांपा पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए घेराबंदी कर पकड़ा। घटना के संबंध में पूछताछ करने पर एक साथ मिलकर प्रार्थिया के बैंक पास बुक में फोटो चस्पा कर, फर्जी हस्ताक्षर कर अलग अलग किस्तों में बैंक जाकर पैसा निकालना बताए जाने तथा आरोपियों को 8 जनवरी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। कार्यवाही मे निरीक्षक मनीष सिंह परिहार सहित स्टाफ का योगदान रहा।

### अश्लील फोटो और वीडियो वायरल करने वाले 7 युवक गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** जिले में सोशल मीडिया में महिलाओं और नाबालिग बच्चों की अश्लील फोटो-वीडियो अपलोड करने के मामले में एक नाबालिग बालक सहित 7 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई जिला पुलिस द्वारा राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो से मिली शिकायतों के आधार पर किए गए हैं। पुलिस ने सभी आरोपी को अलग-अलग थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। साइबर सेल जांजगीर की सूचना पर जांजगीर-चांपा जिले के थाना चांपा से 2 आरोपी, सिटी कोतवाली जांजगीर से 2 आरोपी और अकलतरा थाना से 4 आरोपी पकड़े गए हैं। इन सभी आरोपियों पर आईटी एक्ट की धारा 67 बी के तहत कार्रवाई की गई है। इस मामले में परमेश्वर कहरा (45 साल) निवासी धुरकोट थाना जांजगीर, प्रदीप कुमार निषाद उम्र 23 साल वष थाना मुलमुला, अनिल कुमार 31 वर्ष, थाना अकलतरा, विद्युत विश्वास (50 साल) थाना मुलमुला, मोतीलाल देवांगन उम्र 25 साल निवासी संजय नगर थाना चांपा, निलेश निषाद (19 साल) थाना चांपा, सुख सागर कश्पय उम्र 23 साल थाना अकलतरा और एक विधि से संघर्षरत बालक शामिल हैं।

# बीच सड़क में खडे 7 वाहनों की बनाई गई जब्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

लापरवाही पूर्वक मेन रोड, आम रोड में ट्रेलर व ट्रक वाहनो को खड़े कियें 7 वाहनों को जप्त करने की कार्रवाई की गई है। सभी वाहन चालको के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर वाहन चालक के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। जिसे न्यायालय में पेश किया जावेगा।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार 7 जनवरी को थाना जांजगीर क्षेत्र के ग्राम पुटपुरा तिराहा के पास चालक लाल प्रकाश द्वारा वाहन को लापरवाही पूर्वक खडे किये जाने से वाहन को जप्त किया जाकर आरोपी चालक के विरूद्ध थाना जांजगीर में धारा 283 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। आरोपी चालक हृदय सिंह, सियाराम मरकाम, अमित कुमार सोनवानी द्वारा सारागांव मेन रोड में लापरवाही पूर्वक वाहन खड़ा किये पायें जाने पर आरोपियों के विरूद्ध थाना सारागांव में धारा 283 भादवि के तहत अपराध पंजबीद्ध किया गया है, तथा थाना बिर्रा क्षेत्र में आरोपी चालक जय प्रकाश राय, सलीम अली द्वारा लापरवाही पूर्वक वाहन को रोड में खड़ा कियें जाने पायें जाने पर धारा 283 भादवि के तहत थाना बिर्रा में अपराध पंजीबद्ध किया गया।



### सार्वजनिक जगहों पर शराब पीने व पिलाने वाले 5 गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** सार्वजनिक जगहों पर शराब पीने व पिलाने वाले 5 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उक्त कार्रवाई बलौदा, थाना मुलमुला एवं चौकी नैला में की गई है। सभी आरोपियों के विरूद्ध धारा 36 च (1) एवं 36 सी(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए न्यायालय में पेश किया जावेगा। संतोष सोनवानी, गणेश राम बर्मन, कुमार गौरव, तिलकेश प्रसाद एवं मुकेश कुमार पटेल उम्र 22 साल निवासी औरईकला चौकी नैला थाना जांजगीर को गिरफ्तार किया गया है। 7 जनवरी थाना बलौदा में 1, मुलमुला में 3 एवं चौकी नैला में 1 आरोपी के विरुद्ध सार्वजनिक जगह पर आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया जाकर कार्यवाही किया गया है। कार्यवाही में प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक संगम राम चौकी प्रभारी नैला का योगदान रहा।

# बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

जैजैपुर क्षेत्र में रबी फसल के लिए पानी की मांग को लेकर कलेक्टर से मिलकर वापस आ रहा युवक सड़क हादसे का शिकार हो गया। घटना में बाइक सवार युवक को बोलेरा ने टक्कर मार दी। जिससे युवक की मौके पर मौत हो गई। घटना सक्ती थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार विधानसभा जैजैपुर क्षेत्र के ग्राम सेंदुरस निवासी सोमवार 8 जनवरी को रबी फसल में पानी की मांग को लेकर कांग्रेस नेता रामेश्वर वैष्णव उम्र 32 वर्ष सक्ती कलेक्टर से मिलने पहुंचा था। इस बीच ज्ञापन सौंपकर वापस आते समय पेट्रोल टँकी के पास पहुंचे हुए थे अज्ञात बोलेरो ने पीछे से उनकी बाइक को जबरदस्त ठोकर मार दी और मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद रामेश्वर वैष्णव के सिर पर गंभीर चोटें आई थी, अत्यधिक खून बहने से उनकी मौत हो गई। कांग्रेस नेता रामेश्वर वैष्णव को अज्ञात वाहन ने ठोकर मारी थी। जिसके बाद उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनकी मौत हो गई.कांग्रेस नेता की सड़क हादसे में मौत हो गई है। रामेश्वर कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं समेत जैजैपुर विधायक की बहुत ही करीबी थे। रामेश्वर वैष्णव के निधन की खबर से कांग्रेसी नेताओं, कार्यकर्ताओं और पूरे जिले में शोक की लहर दौड़ गई है। वे अपने भरा-पूरा परिवार को छोड़ के चले गए है। परिवार जनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है नहर में रवि फसल के लिए पानी की मांग को लेकर जिला कलेक्टर सक्ती में ज्ञापन सौंपने गया हुआ था और यह हादसा हो गया। पूरे मामले पर सक्ती थाना प्रभारी ने बताया है कि मर्ग कायम कर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। फरार बोलेरो ड्राइवर की तलाश की जा रही है।

■ पानी की मांग को लेकर कलेक्टर से मिलकर आ रहा था युवक



अस्पताल में पड़ा युवक का शव।

## जिले के नवपदस्थ कलेक्टर आकाश छिकारा ने की पत्रकारों से चर्चा

# प्रशासन व जनता के बीच नहीं होगी दूरी, सबके सहयोग से होगा समन्वित विकास

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

प्रशासन और जनता के बीच कोई दूरी नहीं होगी। आमजन अपनी शिकवा शिकायत या जरूरत के हिसाब से अपनी बात रख सकें। इसके साथ ही शासन की योजनाओं को अंतिम पंक्ति तक पहुंचाने के अलावा जिले का समन्वित विकास करना है।

ये बातें नव पदस्थ कलेक्टर आकाश छिकारा ने कही। वे सोमवार 8 जनवरी को कलेक्टोरेट के सभा कक्ष में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। कलेक्टर आकाश ने बताया कि इसके पूर्व गरियाबंद में कलेक्टर रहे, जहां शिक्षा को लेकर स्कूलों में वीकली और मंथली टेस्ट लेने की पहल की गई थी। इसमें जो टापर छात्र-छात्रा होते थे, उन्हें जिले और प्रदेश का भ्रमण कराया जाता था। कुछ इसी तरह की पहल यहां भी करनी है। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर काम करने के साथ जिले की वस्तु स्थिति को समझ कर और आमजन के मांग के अनुरूप काम करना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी बात प्रशासन और जनता के बीच कोई दूरी नहीं होगी। गरियाबंद में उन्होंने एक व्हाट्सएप ऐप लॉन्च किया था, जिसके माध्यम से ऑनलाइन लोगों की शिकवा शिकायत को प्राप्त करके उनका निराकरण किया जाता था। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के जरूरतमंद तक मिल सके, इसके लिए सभी अधिकारियों जनप्रतिनिधियों मीडिया जगत के लोगों और संबंधितों से सुझाव लिए जाएंगे। सबके सहयोग से जिले के समन्वित विकास को लेकर काम किया जाएगा। चर्चा के दौरान अपर कलेक्टर एसपी वैद्य सहित पत्रकार उपस्थित रहे।





पत्रकारों से चर्चा करते कलेक्टर आकाश छिकारा।

**खबर संक्षेप**

## स्काउट गाइड एडवेंचर कैम्प के लिए पचमढ़ी रवाना



**पामगढ़।** पंचमढ़ी में होने वाले एडवेंचर कैंप में शामिल होने जिले के स्काउट्स एवं गाइड्स रवाना हुए। छत्तीसगढ़ राज्य सरकार के खर्च पर जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला आयुक्त श्रीमती भारती वर्मा के निर्देश पर पंचमढ़ी (मध्यप्रदेश) एडवेंचर कैंप में शामिल होने भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला जांजगीर चांपा से 14 स्काउट- गाइड,1 स्काउटर, 1 गाइडर जिसमें भूपेंद्र पटेल और कु श्वेता जायसवाल प्रभारी के रुप में व 14 की संख्या में स्काउट, गाइड, रोवर, रेंजर बंजारे कुमारी चांदनी कश्यप, कुमारी मोनिका, कुमारी पिया वर्मा, पूर्वशी साहू, सोनाली पटेल, देविका देवांगन, नैना सूर्यवंशी, वासु बंजारे, साहिल कुमार, नीरज डहरिया, शत्रुघ्न, हर्ष चौहान, धनंजय कर्ष 5 जनवरी को नैला रेलवे स्टेशन से बिलासपुर वहां से पिपरिया होते हुए पंचमढ़ी के लिए प्रस्थान किए। वहां 6 से 10 जनवरी तक एक्टिविटी में बच्चे पहाड़ पर चढ़ना उतरना, आर्चरी, राइफल सूटिंग, घुड़सवारी से लेकर, जटाशंकर दर्शन, धूपगढ़ के पर्वत की पहाड़ियों पर चढ़ना, पांडव गुफा जाना, बी फाल राजेन्द्र गिरी, रात्रि में कैंप फायर अलग अनुभव को दर्शायेगा।

## स्वागत गेटों में मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री की फोटो लगाने भाजयुमो ने की मांग



**सक्ती।** भाजयुमो द्वारा नगर पालिका अंतर्गत लगे स्वागत गेटो में मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री की फोटो नहीं लगाए जाने पर शीघ्र ही फोटो लगाए जाने की मांग को लेकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने वालों में भाजयुमो जिला महामंत्री अभिषेक शर्मा, प्रदेश कार्यसमिति अंकित अग्रवाल, सुश्री अन्नपूर्णा राठौर, युवा मोर्चा अध्यक्ष योगेंद्र साहू, विकास जायसवाल,परमानंद सिदार उपस्थित रहे।

**निधन**

## कांति बाई केशरवानी



**चांपा।** स्थानीय लायंस चौक निवासी केशरवानी समाज के प्रतिष्ठित नागरिक एवं केशरवानी होटल तथा केशरवानी मेडिकल स्टोर्स के संचालकगण महेन्द्र केशरवानी, राजेन्द्र केशरवानी एवं राकेश केशरवानी की माता श्रीमती कांति बाई केशरवानी का रविवार 7 जनवरी को सुबह निवास पर असामयिक निधन हो गया। वे 88 वर्ष की थी। स्व. श्रीमती केशरवानी अपने पीछे तीन पुत्रों एवं एक पुत्री समेत भरा - पूरा परिवार छोड़ गई है। उनका अंतिम संस्कार रविवार को ही दोपहर 2 बजे हसदेव बेरियर के पास पीआईएल बायपास मार्ग स्थित सार्वजनिक मुक्तिधाम में किया गया जहां बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बंधुओ समेत गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर होगी सख्त कार्रवाई

# स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों को प्राथमिकता से उपलब्ध कराएं बेहतर सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

कलेक्टर आकाश छिकारा ने स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग सहित संबंधित विभाग की बैठक ली। उन्होंने आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराने की बात कही। उन्होंने सभी बीएमओ को अपने ब्लॉक में स्वास्थ्य व्यवस्था की सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों को प्राथमिकता से स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए एवं कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई करने अधिकारियों को निर्देशित किया।

कलेक्टर आकाश छिकारा ने सोमवार को कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग सहित संबंधित विभाग की बैठक लेकर विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं समय पर पहुंचे। कलेक्टर श्री छिकारा ने स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न एजेंडा पर बिंदुवार समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य अमलों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों को प्राथमिकता से स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए एवं कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई करने अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने स्वास्थ्य योजनाओं के प्रचार-प्रसार और ज्यादा से ज्यादा लोगों को योजना से लाभ दिलाने की बात कही। कलेक्टर ने सभी पीएचसी में संस्थागत प्रसव को बढ़ाने एवं शत प्रतिशत प्रसव केंद्रों में कराने के निर्देशित करते हुए मितानिनों को प्रशिक्षण और सक्रिय करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी बीएमओ को अपने ब्लॉक में स्वास्थ्य व्यवस्था की सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के सभी विकासखंड चिकित्सा अधिकारी और बीपीएम को नियमित रूप से फील्ड विजिट कर जानकारी भेजने हेतु निर्देशित किये। उन्होंने कहा कि सभी महिला बाल विकास विभाग के सुपरवाइजर अपने मुख्यालय में रहे और सतत रूप से विभागीय योजनाओं की मॉनिटरिंग करें। यहां बेहतर सुविधाएं समय पर आमजन को उपलब्ध कराना हमारा दायित्व है और प्रशासन की प्राथमिकता है। कलेक्टर ने सीएमएचओ को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी चिकित्सक एवं मेडिकल स्टाफ निर्धारित समय पर रोस्टर के अनुसार ड्यूटी पर मौजूद रहें। कलेक्टर ने आयुष्मान भारत कार्ड की प्रक्रिया से अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। इसके अलावा बैठक में गर्भवती पंजीयन, एएनसी पंजीयन, शिशु पंजीयन, और टीकाकरण से संबंधित बिन्दुओ पर चर्चा किया गया। इस अवसर पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ स्वाति वंदना सिसोदिया, महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी श्रीमती अनिता अग्रवाल, सिविल सर्जन अनिल जगत सहित संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



बैठक में उपस्थित अधिकारी।

## रबी फ़सल के लिए पानी देने की मांग...



**किकिरदा-बिर्रा।** रबि फ़सल के लिए नहर से पानी दिए जाने को मांग को लेकर सोमवार 8 जनवरी को जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू किसानों के साथ कलेक्टोरेट पहुंचे। उन्होंने कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना को ज्ञापन सौंपते रबि फसल हेतु नहर में पानी दिए जाने का आग्रह किया। कलेक्टर ने भी नहर में जल्द पानी दिए जाने का आश्वासन दिया।

## मेंटोर के रुप में शिक्षक कृष्ण कुमार का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हसौद

शिक्षा मंत्रालय ने प्रेरणा कार्यक्रम की शुरूआत की है। इसका उद्देश्य सभी प्रतिभागियों को एक सार्थक, अद्वितीय और प्रेरणादायक अनुभव प्रदान करना है, जिससे उन्हें नेतृत्व के गुणों के साथ सशक्त बनाया जा सके। कृष्ण कुमार पटेल का मेंटोर के रूप में चयन हुआ है।



भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग ने 'प्रेरणाः अनुभव पर आधारित एक शिक्षा कार्यक्रम' की शुरूआत की है, जिसका उद्देश्य सभी प्रतिभागियों को एक सार्थक, अद्वितीय और प्रेरणादायक अनुभव प्रदान करना है, जिससे उन्हें नेतृत्व के गुणों के साथ सशक्त बनाया जा सके। प्रेरणा भारतीय शिक्षा प्रणाली के सिद्धांतों और मूल्य-आधारित शिक्षा के दर्शन को जोड़ने की गहरी प्रतिबद्धता से प्रेरित है जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 की आधारशिला है। मेंटर शिक्षक शिक्षा के नवाचारों तथा नवप्रयोगों को धरातल पर उतारने में अग्रणी भूमिका निभाते हैं। नवोदय विद्यालय समिति जो की प्रेरणा कार्यक्रम के इस पायलट प्रोजेक्ट की कार्यकारी एजेंसी है, ने सर्वप्रथम पूरे भारत से शिक्षकों की उपलब्धि , उनके लेखन और वाचन शैली के आधार पर स्क्रुटनी करते हुए 30 शिक्षकों को योग्य पाया। तत्पश्चात इन शिक्षकों को नई दिल्ली बुलाकर संयुक्त सचिव (शिक्षा मंत्रालय) और आयुक्त महोदय (नवोदय विद्यालय समिति) द्वारा इंटरव्यू के पश्चात 16 शिक्षकों का चयन किया। अंतिम चयन प्रक्रिया सचिव (शिक्षा मंत्रालय) के द्वारा गहन जांच प्रक्रिया एवं मनोवैज्ञानिक परीक्षण करने के बाद कुल पांच शिक्षक और एक प्राचार्य जो कि इस कार्यक्रम के कोऑर्डिनेटर है, का चयन किया गया। उन शिक्षकों में से एक कृष्ण कुमार पटेल है, जो कि छत्तीसगढ़ और भोपाल क्षेत्र से एकमात्र चयनित मेंटोर शिक्षक हैं। कृष्ण कुमार ने बताया की चयन प्रक्रिया काफी जटिल थी और गहरे मानदंड अपनाए गए थे। कृष्ण कुमार पटेल ग्राम धनागर जिला रायगढ़ के निवासी हैं। वर्तमान में वे राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद के डिजिटल शिक्षण के मेंटोर के रूप में भी कार्य कर रहे हैं। वे अभी जवाहर नवोदय विद्यालय चिस्दा जिला सक्ति में विज्ञान शिक्षक के रूप में पदस्थ हैं। पूरे भारत से अंतिम सूची में कृष्ण कुमार का मेंटोर के रूप में चयन होने पर हर्ष व्याप्त है।

## धूमधाम से मना रितेश्वर महाराज का प्राकट्य दिवस



केक काटकर सद्गुरू का प्रागट्य दिवस मनाते साधक शिष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

स्थानीय आनंदम धाम परिवार द्वारा शुक्रवार 5 जनवरी को वृंदावन धाम निवासी राष्ट्र संत सद्गुरू रितेश्वर जी महाराज का प्राकट्य दिवस धूमधाम से केक काटकर तथा भंडारा प्रसाद का आयोजन कर धूमधाम से मनाया गया।

सायं 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक आयोजित कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम आनंदम धाम परिवार द्वारा भजन - कीर्तन किया गया। इसके बाद आचार्य सत्येन्द्र सिंह द्वारा अन्य साधक शिष्यों की मौजूदगी में केक काटकर सद्गुरू रितेश्वर महाराज के प्राकट्य दिवस की खुशियां मनाई गई। इसके बाद भंडारा प्रसाद का आयोजन किया गया जिसमें सभी ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर आचार्य सत्येन्द्र सिंह, आचार्य वल्लभ दास, श्रीमती लालसा सिंह, बृहस्पति देवांगन, शोभा सिंह, राजकुमारी सिंह, मोना मनवानी, निर्मला साहू, अनीता सिंह, उषा देवांगन, शिव देवांगन, ज्ञांति सिंह, मनी सिंह, नीतू सिंह, श्रीमती उमा शर्मा, श्रीमती मोनिका अगस्ती, श्रीमती अरूणा शर्मा, शैल पाठक, शैल दुबे, साक्षी, विनोद राउत, कल्पना राउत, नेहा सिंह एवं श्रीमती कृष्णा देवी सोनी के अलावा बड़ी संख्या में सद्गुरू रितेश्वर महाराज के साधक शिष्य मौजूद थे।

## शिवशक्ति रुद्र महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा की चल रही तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

समीपस्थ ग्राम कटनई के श्री सिद्ध देव पहरीया पाठ स्थल (पहाड़ी ऊपर ) श्री शिव शक्ति रुद्र महायज्ञ एवं श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन शुक्रवार 19 जनवरी से से 26 जनवरी तक किया गया है। शिव शक्ति रुद्र महायज्ञ एवं भागवत कथा का आयोजन अयोध्या में भगवान श्री राम चंद्र विराजमान होने के उपलक्ष में, विश्व में व्याप्त अशांति, दुःख दरिद्र अनावृष्टि प्रलय को दूर करने , विश्व कल्यार्थ एवं मंगलकामना हेतु यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इस शिव शक्ति रुद्र महायज्ञ को संपन्न कराने के लिए उज्जैन से श्री कृष्णानंद जी महराज एवं संतो की टोली एवं भागवताचार्य एवं कथावाचक जायेश्वरी देवी वृंदावन से होंगे। कटनई ग्रामवासी , क्षेत्रवासी एवं संतगण मिलकर हवन यज्ञ कुंड,पंडाल एवं यज्ञ स्थल का निर्माण एवं कार्यक्रम की तैयारी कर रहे हैं। ग्राम के नरेश राम कश्यप, चंद्रिका कुमार कश्यप शिशिरधर दीवान, खोजराम साहू, अशोक कैवर्त्य, शुक्रवार कश्यप, चंद्रभान साहू दीपक कुमार साहू, फिरोज कश्यप, संपत कश्यप, सरपंच केवल प्रसाद, समस्त पंचगण , श्री सिद्ध देव पहरीया पाठ समिति, ग्राम पंचायत , समस्त ग्रामवासी कटनई एवं धर्म प्रेमीजन क्षेत्रवासी अकलतरा कार्यक्रम की तैयारी में जुटे हुए हैं।



## अंबेडकर की अस्थि कलश यात्रा 25 फरवरी को पहुंचेगी मालखरौदा



**मालखरौदा।** डॉ.भीमराव अंबेडकर की अस्थि कलश यात्रा का 25 फरवरी को मालखरौदा ब्लाक में आगमन होगा। इस कार्यक्रम को जोरशोर से सम्पन्न कराने के लिए मालखरौदा ब्लाक इकाई के पदाधिकारी त्रिरत्न बौद्ध महासंघ के द्वारा जोरशोर से तैयारी की जा रही है। इसी को लेकर 6 जनवरी को बैठक डॉ.परमेश्वर लहरे क्लिनिक मैत्री सदन में हुई। सामाजिक बुद्धिजीवि वर्ग के द्वारा चर्चा परिचर्चा हुआ, जिसमें सभी ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की अस्थि दर्शन करने के लिए जुटेंगे, जिसमें त्रिरत्न बौद्ध महासंघ ने सभी सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं समस्त जनमानस को भाग लेने के लिए अपील किया गया है। बैठक में त्रिरत्न बौद्ध महासंघ के मालखरौदा ब्लाक इकाई के संचालक डॉ.जी.आर. जांगड़े, डॉ.पी. प्रसाद लहरे,प्राचार्य एच.एल.भारती मालखरौदा, शिक्षक अरुण सोनवानी, एडवोकेट ठाकुरराम मनहर,सामाजिक कार्यकर्ता हेमंत निराला,डॉ.भरत नवरंग,पत्रकार भूपेंद्र लहरे उपस्थित थे।







## धूमधाम से मनाई गई माता राजिम की जयंती



कार्यक्रम में उपस्थित समाज के लोग।

**हसौद।** ग्राम पंचायत पेण्ड्री के साहू समाज के द्वारा माता राजिम मैय्या की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। सबसे पहले माता राजिम के तैल्य चित्र पर पुष्प माला के साथ विधिवत पूजन किया गया। इस अवसर पर हसौद परिक्षेत्र के केंद्र अध्यक्ष नेतराम साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। नेतराम साहू ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में एकता,अखंडता और सद्भाव के साथ सभी को समाज का सेवा करना चाहिए। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता साहू समाज ग्राम अध्यक्ष कन्हैया लाल साहू एवं ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती हेमकुमारी गोरेलाल साहू ने की। इस अवसर पर कुशवा साहू, नारायण साहू, बेदुराम, कुशल राम, बलदराम, भुरवा, छतराम, पदमन, हरिराम, बाबूलाल, प्यारेलाल, अंतराम, भरतराम, ओमप्रकाश, साहेबलाल, गोविंद, नेतराम, लाल, बनवारी एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।



तनौद में पूजा अर्चना करते साहू समाज के लोग।

### तनौद में मनाई गई भक्त माता राजिम की जयंती

**तनौद।** स्थानीय ग्राम पंचायत तनौद में रविवार 7 जनवरी को सामाजिक भवन में साहू समाज द्वारा भक्त माता राजिम जयंती के अवसर पर भक्त माता राजिम की तैचित्र दीप प्रज्ज्वलित कर व खिचड़ी का भोग अर्पित कर प्रसाद वितरण कर धूमधाम से मनाया गया। साथ ही ग्राम के भूपेंद्र कुमार साहू दंपति द्वारा धर्म परिवर्तन कर यीशु धर्म अपना लिया था आज पुनः घर वापसी हुआ समाज प्रमुख भूपेंद्र कुमार साहू दंपति को भक्त माता कर्मा के समक्ष पूजा अर्चना कर चन्दन तिलक लगाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर साहू समाज अध्यक्ष ग्रंथ साहू, ओमप्रकाश नागेश्वर, गनेश्वर, फिरत, कुबेर मोहित चावल साहू हरिशंकर, अभिषेक सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## माता राजिम की जयंती पर पूजा-अर्चना कर वितरित किया प्रसाद

**खरौद।** नगर साहू समाज खरौद के द्वारा 7 जनवरी रविवार को संध्या बेला में माता राजिम की जयंती पूजा अर्चना एवं प्रसाद वितरण कर धूम धाम से मनाया गया। साहू समाज के अध्यक्ष डॉ पुष्कर साहू,, उपाध्यक्ष निरंजन साहू,, सचिव भवानीशंकर साहू,, कोषाध्यक्ष रामकृष्ण साहू,, महिला उपाध्यक्ष पति लोकनाथ साहू,, तहसील उपाध्यक्ष महिला श्रीमति सुंदरी साहू,,तहसील कार्यकारिणी गुलजारी लाल साहू,, पंच गण गोपीराम साहू,,रमेश साहू,, गोपाल साहू,, रामजी साहू ,, कृष्णाराम साहू ,, घासीराम साहू,, भगवान प्रसाद साहू ,, दरसराम साहू,, नोखराम साहू,, संतोष साहू,,यशवंत साहू,, लतेल साहू आदि बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधू उपस्थित रहे



**जन सूचना**

सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार ने एथेना छत्तीसगढ़ पावर लिमिटेड, ग्राम सिंघीतराई, बेनीपाली, ओडेकेरा एवं निमोही, तहसील डभरा, जिला सक्ती, (पूर्व में जांजगीर-चांपा) छत्तीसगढ़ के 2 गुणा 600 मेगावॉट कोयला आधारित तापीय विद्युत संयंत्र को दिनांक 6 जनवरी, 2024 को पर्यावरणीय स्वीकृत (EC identification No-EC23A0601CG5872873N) पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना 2006 के प्रावधानों के अधीन प्रदान की है।

तत्संबंधी प्रति पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की वेबसाइट: https://parivesh.nic.in पर उपलब्ध है।

कृते /-
एथेना छत्तीसगढ़ पावर लिमिटेड
ग्राम-सिंघीतराई,
जिला-सक्ती (छ.ग.)









8-JAN-JSP-BHOOMI-pg-3_Layout 1 1/8/2024 7:59 PM Page 1





# हादसे का शिकार होने से बचे नवाजुद्दीन...

**मुंबई।** अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी जल्द ही शैलेश कोलानू की 'सैंधव' से तेलुगु में डेब्यू करेंगे। फिल्म में उन्होंने विकास मलिक नाम के एक व्यवसायी की भूमिका निभाई है। अभिनेता ने बताया कि इस फिल्म की शूटिंग के दौरान वे एक घटना का शिकार हो गए थे। उन्होंने कहा, हम श्रीलंका में शूटिंग कर रहे थे और मैं लगभग नाव से गिर गया था एक बड़ी लहर हमारे रास्ते में आई और मुझे लगभग गिरा दिया। मैं नाव से उछल गया। मैं भाग्यशाली था कि मुझे समुद्र की बजाय दोबारा नाव पर ही गिरा। इसमें सबसे अच्छी बात यह है कि यह सब कैमरे में कैद हुआ है।

लाइफ Style



# जाह्नवी इमेज को लेकर हुईं कॉन्शस

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुझे लगा मैं शूट से वीडियो शेयर कर सकती हूं और इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा कि मैं छोटे शहर से आने वाली गुंजन सक्सेना या मिली का किरदार निभा रही हूं। जाह्नवी ने कहा कि अब वो इमेज को लेकर कॉन्शस हो रही है।

बॉलीवुड में नई एक्ट्रेसेज की खेप में जाह्नवी कपूर को काफी टैलेंटेड माना जाता है। गुड लक जेरी, मिली और बवाल में उनके काम को क्रिटिक्स और जनता दोनों ने काफी सराहा था। अपनी एक्टिंग परफॉरमेंस के अलावा जाह्नवी ने सोशल मीडिया पर अपनी प्रेजेंस से भी लोगों को खूब इंप्रेस किया है। अब जाह्नवी को लगता है कि उनकी सोशल मीडिया इमेज और ऑनस्क्रीन किरदारों में इस कंट्रास्ट का असर, उनके कम पर गलत तरीके से पड़ता है। एक इंटरव्यू में जाह्नवी ने कहा है कि उन्हें ये पता ही नहीं था कि एक एक्टर के बारे में परसेप्शन बनाने के लिए सोशल मीडिया कितना खतरनाक हथियार है। जाह्नवी ने कहा कि उन्हें सोशल मीडिया पर तस्वीरें या वीडियो शेयर करना हंसी-खेल लगता था और उन्हें नहीं लगता था कि इससे उनके काम पर कोई असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा, मुझे लगा मैं शूट से वीडियो शेयर कर सकती हूं और इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा कि मैं छोटे शहर से आने वाली गुंजन सक्सेना या मिली का किरदार निभा रही हूं। जाह्नवी ने कहा कि अब वो इमेज को लेकर कॉन्शस हो रही है। जाह्नवी जल्द ही साउथ में डेब्यू करने जा रही हैं। उनकी अगली फिल्म जूनियर एनटीआर के साथ है, जिसका टाइटल देवरा है। ये फिल्म 2024 में रिलीज होगी।

## हॉलीवुड मसाला



# इंस्टाग्राम में 311 मिलीयन फॉलोअर्स

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड एक्ट्रेस क्लो कार्दशियन अक्सर अपने लुक्स और कर्वी फिगर को लेकर चर्चा में रहती हैं। वह फैशन के साथ-साथ अपनी फिटनेस का भी पूरा ध्यान रखती हैं। क्लो खुद को फिट रखने के लिए खूब एक्सरसाइज करती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने वर्कआउट करते की अपनी कुछ तस्वीरें भी फैंस के साथ शेयर की हैं। बता दें क्लो कार्दिशियन हॉलीवुड इंडस्ट्री की एक जानी मानी एक्ट्रेस हैं। वह अपने काम के अलावा सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती है।



# म्यूजिक इंडस्ट्री में वापस नहीं आएंगी ब्रिटनी...

**लॉस एंजेलिस।** अमेरिकी पॉप स्टार ब्रिटनी स्पीयर्स ने सोशल मीडिया पोस्ट में उन अफवाहों को खारिज कर दिया है, जहां कहा जा रहा था कि वह एक नए एल्बम पर काम कर रही हैं। पॉप स्टार ने साफ किया कि वह म्यूजिक इंडस्ट्री में कभी भी वापस नहीं आएंगी। स्पीयर्स ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट के कैप्शन में लिखा, वह कहते हैं कि मैं एक नया एलबम बनाने की ओर रुख कर रही हूं, मैं म्यूजिक इंडस्ट्री में कभी नहीं लौटूंगी। उन्होंने आगे कहा, जब मैं लिखती हूं तो मनोरंजन के लिए लिखती हूं या अन्य लोगों के लिए लिखती हूं। आप में से जिन लोगों ने मेरी किताब पढ़ी है, उनके लिए ऐसा बहुत कुछ है, जो आप मेरे बारे में नहीं जानते, मैंने पिछले दो वर्षों में अन्य लोगों के लिए 20 से अधिक गीत लिखे हैं।



# नयनतारा की फिल्म मुश्किल में फंसी...

**मुंबई।** अभिनेत्री नयनतारा की फिल्म अन्नपूर्णी को रिलीज हुए एक महीना हो चुका है। लेकिन ये अब भी सुर्खियां बटोर रही है। फिल्म अब कॉन्ट्रोवर्सी का शिकार हो चुकी है। फिल्म पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप है। कहा जा रहा है कि मेकर्स के खिलाफ शिकायत तक दर्ज कराई गई है। एक सोशल मीडिया यूजर ने ट्वीट कर सभी पॉइंट को शेयर किया। उनके मुताबिक फिल्म एंटी हिंदू है। हालांकि इस मामले में मेकर्स की ओर से अभी तक कोई ऑफिशियल स्टेटमेंट जारी नहीं किया गया है। बता दें अन्नपूर्णी एक तमिल फिल्म है, इसमें नयनतारा लीड रोल में हैं, उनके साथ जय, सत्यराज, कार्तिक कुमार और रेणुका लीड रोल में हैं। फिल्म एक शेफ की कहानी कहती है। एक एक्सीडेंट के बाद अन्नपूर्णी का टेस्ट बिगड़ जाता है।



# मनोज ने नहीं किया 14 साल से डिनर

**मुंबई।** अभिनेता मनोज बाजपेयी इन दिनों अपनी आने वाली वेब सीरीज 'किलर सूप' को लेकर चर्चा में हैं। मीडिया से बात करते हुए मनोज बाजपेयी ने अपनी फिटनेस और हेल्थ को लेकर कई खुलासे किए। अभिनेता ने खुद अपनी फिटनेस का राज खोलते हुए बताया कि उन्होंने पिछले 14 साल से रात को खाना नहीं खाया है। मनोज का मानना है, भोजन ही हमारा सबसे बड़ा मित्र और सबसे बड़ा शत्रु भी है। मैंने रात को भोजन करना बंद कर दिया है और दिन में काफी संतुलित भोजन लेता हूं। मेरी फिटनेस में इसका बहुत बड़ा योगदान है। मनोज ने आगे कहा, मैंने अपने दादाजी को हमेशा दुबला-पतला और फिट ही देखा था। मैंने सोचा क्यों न फिट रहने के लिए मैं भी वही करूं, जो दादा जी करते थे। मैंने भी तय किया कि उन्हीं की तरह रात को खाना नहीं खाऊंगा।

## टीवी मसाला



# रुपाली ने किए महाकाल के दर्शन भस्म आरती में हुईं शामिल...

**मुंबई।** टेलीविजन एक्ट्रेस रुपाली गांगुली बिजी शेड्यूल से समय निकालकर भगवान के दर्शन करना नहीं भूलतीं। सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस की गजब की फैन फॉलोइंग है। इस बीच रुपाली गांगुली का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह भस्म आरती में शरीक होते नजर आ रही हैं। रुपाली गांगुली अक्सर महाकाल के दर्शन के लिए उज्जैन जाती हैं। वह बाबा भोले की बड़ी भक्त हैं। इस बार भी उन्होंने उज्जैन जाकर महाकाल के दर्शन किए। एक्ट्रेस के दर्शन का वीडियो सामने आया है, जिसमें रुपाली अन्य भक्तों के साथ बाबा महाकाल की भक्ति में लीन नजर आ रही हैं। वह पूरी श्रद्धा के साथ भगवान के दर्शन करती नजर आ रही हैं। नए साल के शुरुआती महीने में रुपाली गांगुली बाबा का आशीर्वाद लेने और उनका धन्यवाद अदा करने पहुंचीं। आरती के बाद एक्ट्रेस ने गर्भ गृह जाकर भगवान का आशीर्वाद लिया। इसके पहले रुपाली गांगुली ने एयरपोर्ट से कुछ फोटोज शेयर कीं। उनके चेहरे पर उज्जैन के महाकाल मंदिर जाने की खुशी साफ झलक रही है। रुपाली ने अपने पति और बेटे के साथ भगवान के दर्शन किए।

## वृशिका ने खरीदा नया घर

**मुंबई।** एक्ट्रेस वृशिका मेहता ने बीते महीने दिसंबर में अपने लॉन्ग टाइम ब्वॉयफ्रेंड सौरभ घेडिया से शादी रचाई थी है वहीं अब एक नया वीडियो



सामने आया है, जिसे वृशिका मेहता ने अपने इंस्टाग्राम पर साझा किया है। इस वीडियो में एक्ट्रेस ने अपने नए घर की एक झलक दिखाई है, जिसमें वह पति के साथ रहने वाली हैं। शादी के करीब एक महीने बाद वृशिका मेहता ने अपने इंस्टाग्राम पर एक नए घर का एक वीडियो साझा किया है। इस वीडियो में एक्ट्रेस अपने घर में रीति-रिवाजों के साथ गृह प्रवेश करती नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने वीडियो के कैप्शन में लिखा, "नई शुरुआत"। इस कपल ने अपनी शादी के बाद एक नया अपार्टमेंट खरीदा है और ये दोनों इसमें शिफ्ट भी हो चुके हैं। इसी वीडियो में वृशिका मेहता और सौरभ घेडिया ने अपने नए घर का होम टूर भी करवाया। घर के इंटीरियर की बात करें तो मिनिमलिस्टिक डिजाइन से काफी सुंदर लग रहा है। एक्ट्रेस ने अपना किचन और लिविंग एरिया भी दिखाया।

# 2024 में ओटीटी पर लगेगा मनोरंजन का तड़का, वेब सीरीज में डेब्यू करेंगे बड़े सितारे




**मुंबई।** साल 2023 में ओटीटी प्लेटफार्म्स पर कई कलाकारों ने डेब्यू किया। किसी ने ओटीटी फिल्म तो किसी ने वेब सीरीज के जरिए डिजिटल स्पेस में खाता खोला। इनमें करीना कपूर खान, काजोल, शाहिद कपूर, अनिल कपूर और आदित्य रॉय कपूर के नाम शामिल हैं। ओटीटी पर सितारों का ये कारवां इस साल भी सफर जारी रखेगा और 2024 में कई कलाकार वेब सीरीज डेब्यू करेंगे। इनमें से कुछ ऐसे हैं, जो फिल्मों के जरिए ओटीटी स्पेस में आ चुके हैं, मगर पहली बार वेब सीरीज कर रहे हैं।

**सिद्धार्थ मल्होत्रा :** इस साल की मोस्ट अवेटेड कॉप सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स ओटीटी स्पेस में नया धमाका करने वाली है। प्राइम वीडियो पर 19 जनवरी से स्ट्रीम हो रही है। निर्देशक रोहित शेट्टी इस सीरीज के साथ ओटीटी पारी शुरू कर रहे हैं। सीरीज के लीड एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा का यह वेब सीरीज डेब्यू है। हालांकि, ओटीटी स्पेस में उनकी पारी 2021 में आई फिल्म शेरशाह से हो चुकी है, जो प्राइम वीडियो पर ही रिलीज हुई थी।

**वरुण धवन :** वरुण धवन की पहली ओटीटी रिलीज 2020 में आई कुली नंबर वन है, जो प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। इस साल वरुण वेब सीरीज डेब्यू कर सकते हैं। हॉलीवुड वेब सीरीज सिटाडेल में प्रियंका चोपड़ा ने लीड रोल निभाया था। वरुण इसके इंडियन चैप्टर सिटाडेल इंडिया में लीड रोल में हैं। उनके साथ सामंथा रूथ प्रभु भी हैं। सीरीज का निर्देशन राज निदिमोरु और कृष्णा डीके कर रहे हैं।

***अनन्या पांडेय :*** *ओटीटी पर अनन्या पांडेय का करियर 2020 में आई फिल्म काली पीली से हो गया था, जो जीप्लेक्स पर रिलीज हुई थी। ईशान खट्टर ने इसमें मेल लीड रोल निभाया था। इसके बाद गहराइयां और खो गये हम कहां ओटीटी पर चुकी हैं। मगर, इस साल अनन्या का बेव सीरीज डेब्यू भी हो सकता है।*

***प्राइम वीडियो की सीरीज कॉल मी बे में :*** *अनन्या लीड रोल निभा रही हैं। इस सीरीज का एलान पिछले साल मार्च में हुआ था। अनन्या शो में एक अरबपति फैशन आइकॉन का किरदार निभा रही हैं।*

***उर्मिला मातोंडकर :*** *सत्या और रंगीला जैसी कई हिट फिल्मों में अपनी अदाकारी से दर्शकों के दिलों पर छाप छोड़ने वालीं उर्मिला अब ओटीटी डेब्यू कर रही हैं। तिवारी नाम की वेब सीरीज में उर्मिला एक्शन करती दिखेंगी। यह स्मॉल सिटी में रहने वाली एक मां-बेटी की कहानी है। इसे सौरभ वर्मा ने डायरेक्ट किया है।*

***वाणी कपूर :*** *यशराज फिल्म्स से अपने करियर की शुरूआत करने वाली एक्ट्रेस वाणी कपूर अब क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज से अपना ओटीटी डेब्यू करने वाली हैं। इस सीरीज का नाम मंडला मर्डर्स है, जिसे गोपी पुथरन ने डायरेक्ट किया है।*

# एनिमल की सक्सेस पार्टी में तमन्ना ने लूटी लाइमलाइट

**मुंबई।** एनिमल की सक्सेस पार्टी में फिल्म की कास्ट के साथ-साथ बॉलीवुड के कई सेलेब्स भी नजर आए। पार्टी का हिस्सा एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया भी बनी। पार्टी में तमन्ना ने पूरी लाइमलाइट लूटी ली। इस मौके पर अदाकारा ब्लैक एंड व्हाइट कलर की स्टाइलिश ड्रेस में नजर आईं। पार्टी के लिए तमन्ना ने डीप नेक वाली टाइट ड्रेस को चुना था, जिसमें वो काफी जंच रही थीं। इस लुक के साथ एक्ट्रेस ने छोटा-सा मोतियों से बना बैग कैरी किया था। तमन्ना इन दिनों अपनी लव-लाइफ को लेकर भी चर्चा में हैं। पिछले काफी समय से एक्ट्रेस विजय वर्मा को डेट कर रही हैं।




# डॉक्टर बनना चाहती थीं 12वीं फेल की एक्ट्रेस ...



**मुंबई।** विधु विनोद चोपड़ा की 12वीं फेल इन दिनों चर्चा में हैं, फिल्म में विक्रांत मैसी ने आईपीएस अधिकारी मनोज कुमार शर्मा का रोल प्ले किया है और मेधा शंकर ने आईआरएस श्रद्धा जोशी का रोल प्ले किया है। मेधा शंकर की सादगी ने लोगों का दिल जीत लिया है। अब मेधा शंकर नेशनल क्रश बन गई हैं। मेधा शंकर नोएडा में रहती हैं और एक महाराष्ट्रीयन परिवार से हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मेधा शंकर के पैशन की अगर बात करें तो वो असल जिंदगी में डॉक्टर बनना चाहती थीं और बहुत ही शांत स्वभाव की थीं, लेकिन धीरे-धीरे उन्हें ग्लैमर और एंटरटेनमेंट की दुनिया पंसद आने लगी। इसके बाद उन्होंने कई विज्ञापनों में काम करना शुरू किया। बता दें, मेधा ने 2015 में आईं शॉर्ट फिल्म 'विथ यू फोर यू ऑलवेज' से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था।

# थंडेल का टीजर आउट, नागा चैतन्य का दिखा दमदार किरदार

**मुंबई।** नागा चैतन्य बीते लंबे समय से अपनी आगामी फिल्म 'थंडेल' को लेकर सुर्खियों में हैं। अब इसके निर्माताओं ने फैंस को बड़ा तोहफा दिया है। फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी हुआ था। वहीं अब इसका टीजर भी जारी कर दिया गया है। टीजर में



अभिनेता को एक मछुआरे के रूप में पेश किया गया है। टीजर को देखकर साफ हो रहा है कि नागा चैतन्य भारत के जलक्षेत्र को पार करके पाकिस्तान में पहुंच जाते हैं, जिसके लिए उन्हें पाकिस्तान सरकार द्वारा हिरासत में ले लिया जाता है। साई पल्लवी को अंत में दिखाया गया है, जो नागा चैतन्य की वापसी का बेसब्री से इंतजार करती हैं। निर्माताओं ने जबरदस्त दृश्यों, शानदार बैकग्राउंड और ठोस डायलॉग के साथ फिल्म के विषय को मनोरम तरीके से प्रस्तुत किया।

8 JANUARY-JANJ -BHOOMI-PG-04_Layout 1 1/8/2024 9:48 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. जैनेन्द की उड़ान पोस्टर हुआ रिलीज



**तनौद।** ग्राम खोरसी में विकसित भारत संकल्प यात्रा में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक श्रीमती शेषराज हरबंश, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह, तहसीलदार विहोर यादव, पामगढ़ जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एल के कौशिक, ग्राम के सरपंच खीखराम चौहान, उप सरपंच प्रशांत दुबे, कृषि विभाग के अधिकारी संतोष सोनी, ग्राम के सचिव मोहन साहू, पामगढ़ के सचिव लोकेश यादव की उपस्थिति में विकासखंड के पशु चिकित्सा अधिकारी एवं लेखक डॉ जैनेंद्र सूर्यवंशी के पुस्तक उड़ान का पोस्टर रिलीज किया गया। डॉ जैनेंद्र सूर्यवंशी ने बताया कि किसी भी दिशा में कदम रखे सही दिशा व तय मंजिल में कदम रखें। कई बार छात्र युवा अपने रास्ते से भटक जाते हैं अपनी मंजिल को नहीं पाते जिस कारण गुमराह हो जाते है उन्हें आवश्यकता होती है सही दिशा सही मार्ग देने के की।

### दक्षिण मुखी सिद्ध हनुमान मंदिर में 22 को होगा सीताराम नाम महामंत्र भजन

**जांजगीर-चांपा।** राम जन्मभूमि में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम मंदिर में रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा के दिवस



22 जनवरी को कार्यक्रम के रूपरेखा के तैयारी हेतु श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर रेस्ट हाउस के जहां सामने जांजगीर में रविवार 7 जनवरी को बैठक आहूत किया गया, जिसमें 22 जनवरी को प्रातः काल 8 बजे से नेताजी चौक जांजगीर से श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर जांजगीर तक राम नाम भजन करते हुए भक्त जनों की रैली निकाली जावेगी। 22 जनवरी सोमवार प्रातः 9 बजे से मंगलवार 9 बजे तक 24 घंटे का सीताराम नाम महामंत्र का संगीत में संकीर्तन प्रारंभ होगा। 22 जनवरी को श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा समय दोपहर 12 बजे श्री राम दरबार हनुमान जी के भाव मां आरती मंगलवार, 9:30 बजे हवन पूर्णाहूती, दोपहर 1 बजे से भंडारा प्रसाद का आयोजन किया जाएगा। बैठक में सीताराम राठौर, नंदकुमार राठौर, प्रो. लोहानी, रामकृष्ण राठौर, गौरी शंकर राठौर, रामगोपाल राठौर, हलेश्वर द्विवेदी, बाला राम राठौर, छेदीलाल यादव उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर के पुजारी पंडित किरण कुमार मिश्रा ने सभी भक्तजनों से सहयोग करने अपील की है।

### भीम आर्मी ने हसदेव बचाओ पैदल मार्च निकालकर सौंपा ज्ञापन




**तालदेवरी।** भीम आर्मी के पदाधिकारियों ने 'हसदेव अरण्य बचाओ की मांग को लेकर पैदल मार्च कर राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। केंद्र एवं राज्य सरकार की सामंतवादी, पूंजीवादी एवं छत्तीसगढ़ के विनाशकारी नीति के विरोध में पूरे छत्तीसगढ़ में भीम आर्मी के तत्वावधान में ज्ञापन देने का आह्वान किया गया है, जिसके तहत सोमवार 8 जनवरी को जिलाध्यक्ष कलेशवर खुंटे के नेतृत्व में बम्हनीडीह ब्लॉक हसदेव बचाओ पैदल मार्च निकालकर महामहिम राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। जिलाध्यक्ष कलेशवर खुंटे ने कहा कि भाजपा सरकार के गलत नीतियों द्वारा पूंजीपति लोगो के हाथों अडानी ग्रुप को कोल ब्लाक आबंटित कर ओपन कास्ट कोल माइंस बनाने के लिए लाखों पेड़ो की अंधाधुंध कटाई किया जा रहा है। इसी को बचाने की गुहार लिए पूरे छत्तीसगढ़ से 'हसदेव अरण्य बचाओ की मांग किया जा रहा है। आदिवाशी के साथ अन्याय न हो। हसदेव का जो इलाक़ा है वो जीव जंतुओं, आदिवासियों के रहवास का क्षेत्र है। हसदेव नदी का कैचमेंट एरिया है उसे ख़त्म न किया जाए।

## स्कूल शिक्षा विभाग के अफसर जुटे तैयारी में

# दसवीं-बारहवीं बोर्ड परीक्षा में शामिल होंगे 46 हजार से अधिक परीक्षार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

दसवीं-बारहवीं बोर्ड परीक्षा को लेकर माध्यमिक शिक्षा मंडल के निर्देश के आधार पर स्कूल शिक्षा विभाग के अफसर परीक्षा तैयारी में जुट गए हैं। इस साल जांजगीर जिले में 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में 46 हजार 685 परीक्षार्थी शामिल होंगे, वहीं इसके लिए लगभग 70 परीक्षा केंद्र बनाने की तैयारी भी चल रही है।

गौरतलब है कि हर साल मार्च महीने में 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा होगी। इस साल भी 1 मार्च से बोर्ड परीक्षा ली जाएगी। इसके लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल के निर्देश के आधार पर स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी बोर्ड परीक्षा की तैयारी में लग गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार जांजगीर चांपा जिले के पांच विकासखंड अंतर्गत बोर्ड परीक्षा को लेकर 70 परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे वहीं 10वीं बोर्ड में 26 हजार 497 एवं 12वीं बोर्ड की परीक्षा में 20 हजार 188 परीक्षार्थी शामिल होंगे। जानकारी के अनुसार दसवीं बोर्ड परीक्षा 2 मार्च से हिंदी विषय के साथ प्रारंभ होगी जो 21 मार्च तक चलेगी। इसी प्रकार 12वीं बोर्ड की परीक्षा 1 मार्च से हिंदी विषय के साथ प्रारंभ होगी, वहीं 23 मार्च को परीक्षा समाप्त होगी। बोर्ड परीक्षा सुबह 9 बजे से दोपहर 12:15 तक आयोजित किए जाएंगे। इधर देखा जाए तो बोर्ड परीक्षा दिलाने वाले 10वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राएं इन दिनों पढ़ाई लिखाई के कार्य में जुटे हुए हैं। 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में मुख्य रूप से हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान, भौतिक, रसायन, जीव विज्ञान सहित कला संकाय की परीक्षा भी आयोजित की जाती है। ज्यादातर सरकारी एवं निजी स्कूलों में पढ़ाई लिखाई अभी भी पूरी नहीं हो पाई




है वहीं 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा के प्रैक्टिकल का काम भी जनवरी माह के दौरान आयोजित किए जाते हैं। इसे लेकर भी स्कूल शिक्षा विभाग एवं स्कूल प्रबंधन के अधिकारी कर्मचारी लगे हुए हैं ताकि समय पर प्रैक्टिकल परीक्षा आयोजित की जा सके। इसके अलावा सक्ती जिले में भी बोर्ड परीक्षा को लेकर आवश्यक तैयारी शुरू हो गई है। स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा स्कूल के प्राचार्य को स्पष्ट तौर पर दिशा निर्देश जारी कर सरकारी एवं निजी स्कूल जहां बोर्ड परीक्षा आयोजित की जाती है वहां आवश्यक व्यवस्था बनाने आदेशित किया जा चुका है ताकि बोर्ड परीक्षा का संचालन बेहतर ढंग से किया जा सके।

# कोसमंदा में दिखावा साबित हो रही जगह-जगह लगी स्ट्रीट लाइट

## ग्रामीण दे चुके हैं सूचना, विभाग नहीं दे रहा ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसमंदा

ग्राम के अंबेडकर चौक में लगा स्ट्रीट लाइट दिखावा साबित हो रहा हे। यहां खंभा तो लगा है, लेकिन प्रकाश की व्यवस्था नहीं है। बताया जाता है कि मरम्मत के नाम से यहां स्ट्रीट लाइट में लगा बल्ब का पूरा सेट को निकाल लिया गया है, जिसे अब तक नहीं लगाया गया है। ग्राम के अन्य विभिन्न जगहों पर लगे स्ट्रीट लाइट नहीं जल रहे है। कुछ इसी तरह की स्थिति गांव के लीला मंडली चौक में भी देखने को मिल रही है। यहां भी आए दिन अंधेरा रहने की शिकायत मिलती रहती है।

ग्राम कोसमंदा के अनुसूचित जाति बस्ती में विद्युत मंडल की लचर व्यवस्था के चलते लो-वोल्टेज की समस्या आए दिन बनी रहती है। वहीं संविधान निर्माता डॉक्टर बी. आर अंबेडकर जिन्होंने पूरे दुनिया को शिक्षा और ज्ञान से समाज को विकास की ओर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरणा दिए उनके ही स्टैचू के पास में लगा स्ट्रीट लाइट सिर्फ दिखावा साबित हो रहा है।



अंबेडकर चौक में लगा स्ट्रीट लाइट।

बताया जाता है कि रिपेयरिंग के नाम से यहां पर लगे स्ट्रीट लाइट का पूरा सेट को निकाल लिया गया है, लेकिन आज तक दूसरा नहीं लगाया गया है। वहीं अंधेरा होने से आसपास के रहने वाले लोग भी परेशान हो गए हैं। ग्रामीणों द्वारा बार-बार इसकी सूचना जिम्मेदारों को दी जाती है, बावजूद इसके पहल नहीं हो पा रही है। इस समस्या को देखते हुए मोहल्ले के लोगों 6 दिसंबर बाबा साहब के परी निर्वाण दिवस के दिन ग्राम के बीडीसी को दी। उनका कहना है कि अंबेडकर चौक में लगे स्ट्रीट लाइट नहीं जलने की जानकारी जीडी प्रधान द्वारा फोन के माध्यम से दी गई है, लेकिन आज तक पहल नहीं हो रही है। ग्राम के अन्य विभिन्न जगहों पर लगे स्ट्रीट लाइट नहीं जल रहे है। कुछ इसी तरह की स्थिति गांव के लीला मंडली चौक में भी देखने को मिल रही है। यहां भी आए दिन अंधेरा रहने की शिकायत मिलती रहती है।

# सड़क दुर्घटना में ग्रामीण की मौत के बाद चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पुसौर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तरड़ा निवासी साइकिल सवार युवक को तेज रफ्तार ट्रेलर चालक ने उस वक्त कुचल दिया, जब वह कही से आ रहा था और घर के सामने ही पहुंचा था। इस दुर्घटना में वह बुरी तरह से घायल हो गया। ऐसे में उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जिसके बाद सोमवार की सुबह से ही ग्रामीणों ने चक्काजाम करने लगे। समाचार लिखे जाने तक देर शाम तक यह प्रदर्शन चलता रहा। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रविवार की देर शाम ग्राम तरड़ा निवासी युवक अपनी साइकिल से कहीं से आ रहा था। जब वह अपने घर के समीप पहुंचा था तभी पीछे से आकर रहे तेज रफ्तार ट्रेलर क्रमांक सीजी



ग्रामीण की मौत के बाद चक्काजाम करते लोग।

13 एल ए 8010 ने उसे कुचल दिया। आस पास मौजूद ग्रामीण जब तक वहां पहुंचते वाहन चालक मौके से फरार हो चुका था। आनन फानन में बुरी तरह से घायल पीताम्बर चौहान पिता समारू चौहान उम्र 32 वर्ष को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया, जहां दो घंटे तक उसका इलाज चला, लेकिन इलाज के दौरान ही उसने दम तोड़ दिया। इसके इतर ग्रामीणों ने इस दुर्घटना से आक्रोशित हो कर सोमवार की सुबह से ही चक्काजाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया।

**दी जा रही समझाइश**

ट्रेलर की चपेट में आकर युवक की मौत के बाद ग्रामीण व परिजन चक्काजाम कर प्रदर्शन कर रहे हैं। ऐसे में उन्हे समझाईश दिए जाने तथा चक्काजाम समाप्त करने की अपील की जा रही है।

- **सीताराम ध्रुव,** थाना प्रभारी, पुसौर

### डोंगाकोहरौद में जिला स्तरीय तीन दिवसीय वार्षिक खेल प्रारंभ


**डोंगाकोहरौद।** प्राच्य संस्कृत उत्थान संघ के तत्वाधान में संस्कृत विद्यालय पामगढ़ के समीपस्थ ग्राम डोंगाकोहरौद में प्राच्य संस्कृत उत्थान संघ छत्तीसगढ के तत्वाधान में त्रि दिवसीय जिला स्तरीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन 8 जनवरी से हुआ। प्रतियोगिता में जिले भर की संस्कृत विद्यालय के छात्र-छात्राएं 16 संस्कृत विधालय के छात्र भाग लिया। इस कड़ी मे प्रथम दिवस बालक बालिका कबड्डी का खेल हुआ। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि सीताराम दुबे भागवताचार्य गोधना थे। अध्यक्षता सरपंच श्रीमती पूर्णिमा गोंड ने की। विशिष्ट अतिथि के रुप में कृष्ण कुमार पांडेय, अमृतलाल कश्यप सेवानिवृत्त शिक्षक, पांडव लाल कश्यप उपस्थित थे। कबड्डी, खो खो एवं लम्बी दौड़ खेल खेला जा रहा है। हाई स्कूल एवं मिडिल क्लास के छात्र भाग ले रहे हैं। यह आयोजन संस्कृत के प्रचार प्रसार के लिए किया जा रहा। खेल का ग्राम के साथ आस पास खेल प्रेमी आंनद ले रहे है।

# तहसीलदार ने हाई स्कूल का किया औचक निरीक्षण, विद्यार्थियों को पढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद

हसौद तहसीलदार ने शासकीय हाई स्कूल का औचक निरीक्षण कर शिक्षण सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके साथ ही कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से बात की व दसवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को पढ़ाया एवं टाइम मैनेजमेंट के संबंध में विस्तृत चर्चा भी की।

गौरतलब है कि क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था दुरुस्त हो सके व अध्यनरत विद्यार्थियों को बेहतर से बेहतर शिक्षा मिल सके इसके लिए हसौद तहसीलदार भीष्म कुमार पटेल अपने क्षेत्र के सरकारी स्कूलों का लगातार निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं। सोमवार 8 जनवरी को हसौद तहसीलदार द्वारा शासकीय हाई स्कूल करही पहुंचकर औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होनें तय समय सीमा में ही विषयवार पाठ्यक्रम पूर्ण कर प्रत्येक छात्र पर विशेष ध्यान देकर बेहतर परीक्षा परिणाम देने हेतु प्रत्येक शिक्षक को निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने स्कूल की व्यवस्थाओ का



विद्यार्थियों को पढ़ाते तहसीलदार।

अवलोकन करने के साथ ही दर्ज विद्यार्थियों के संबंध में जानकारी ली व दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों को पढ़ाया एवं समय का सदुपयोग करने बच्चों को सलाह दी। निरीक्षण के दौरान शिक्षकों को समझाइश दी गई कि सभी कक्षाओं में हमेशा साफ-सफाई रहे, मैं कभी भी निरीक्षण के लिए आ सकता हूं। तहसीलदार ने बताया कि हाई स्कूल करही में छात्र व छात्राओं के शौच के लिए शौचालय की व्यवस्था नहीं है जिसे जल्द ही बनवाया जाएगा।

# जनदर्शन में आए आवेदन का कलेक्टर ने किया त्वरित निराकरण, हितग्राहियों को दिया नया राशन कार्ड

**सक्ती।** जनदर्शन में पहुंचे दूर दराज से पहुंचे लोगों की समस्या कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना गंभीरता से सुनती है। वहीं उनके द्वारा दिए गए आवेदन का त्वरित निराकरण करती है। इसी क्रम में जनदर्शन में राशन कार्ड बनवाने के आवेदन देने पर हितग्राहियों को नया राशन कार्ड बना कर दिया गया।

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती नूपुर राशि पन्ना द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से जिले के दूरदराज के गांवों से आये विभिन्न लोगों की समस्याएं जनदर्शन में सुनी जाती है। वही पिछले जनदर्शन में आए जैजैपुर जनपद पंचायत क्षेत्र अन्तर्गत आने वाले ग्राम बिछिया निवासी श्रीमती अनुसुइया पटेल पति नान्हूलाल पटेल, श्रीमती फुलेश्वरी पटेल पति छोटेबाबू पटेल , श्रीमती गोमती बाई पटेल पति योगेश्वर ने नया राशन कार्ड बनवाने के संबंध में आवेदन लेकर जनदर्शन में पहुंचे हुए थे। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को शीघ्र ही नियमानुसार त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये थे। जिस पर खाद्य अधिकारी द्वारा नियमानुसार उक्त तीनों आवेदकों का राशन कार्ड



हितग्राहियों को नया राशन कार्ड प्रदान करती कलेक्टर।

बनाकर कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के हाथों कलेक्ट्रेट कक्ष में हितग्राहियों को राशन कार्ड दिया गया। ज्ञात हो कि आमजनों की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ तथा शीघ्र निराकरण करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिला स्तरीय जनदर्शन का आयोजन प्रत्येक मंगलवार को आयोजित किया जा रहा है।

# बनारी में निकाली गई भव्य अक्षत कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा ने देशभर में अध्यात्मिक माहौल बना दिया है। हर गांव शहर में अक्षत कलश निकाली जा रही है। ग्राम बनारी में भव्य अक्षत कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें ग्राम के गणमान्य नागरिक से लेकर बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

रविवार 7 जनवरी को ग्राम के बरमबाबा चौक से अक्षत कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा अंबेडकर चौक, आजाद चौक, संतोषी मंदिर, मौनी आश्रम, साव मोहल्ला होते हुए बरमबावा चौक में आरती व पूजा-अर्चना किया गया। कलश यात्रा में सभी समाज के महिलाएं व पुरुषों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। महिलाएं, युवतियां एवं छोटे बच्चों ने सिर पर कलश धारण कर ग्राम के प्रमुख गलियों से गुजरे। युवाओं द्वारा बड़ी संख्या में गाजे-बाजे के साथ ध्वज लेकर निकले थे। पारंपरिक वाद्य यंत्र मृदंग, झांझ, मंजीरा बजाते हुए हरि



कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु।

भजन का गायन भी किया। ग्राम में इस यात्रा का जगह-जगह पर स्वागत किया गया। अक्षत कलश यात्रा में रविशंकर चौबे, आशीष शर्मा, बलराम पांडेय, शोभाराम साव, राकेश तिवारी, रमाशंकर चौबे, कमलेश साव, राजेश तिवारी, रमाकांत तिवारी, सरपंच बोधराम राजवाड़े, रामाअवतार राजवाड़े, चंद्रमौली तिवारी, शशिकांत पांडेय, नवलकिशोर पांडेय, नवलकिशोर पांडेय, मनीष पाण्डेय, मनोज पाण्डेय, चिंटू साव, मुकेश साव, विवेक चौबे, प्रसुन्न तिवारी, बाबी चौबे, आलोक पाण्डेय, अक्षत तिवारी, शंकरलाल श्रीवास, राजकुमार श्रीवास, कलेशर साव, पुनीराम श्रीवास, प्रताप सूर्यवंशी, रामलाल सूर्यवंशी, तिलकराम सूर्यवंशी, महावीर साव, दिनेश धीवर, भोलू श्रीवास सहित ग्राम की महिलाएं व पुरुष शामिल रहे।

# युवा मोर्चा को सशक्त और मजबूत बनाने हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर मंडल सशक्तिकरण कार्यशाला का आयोजन शिवरीनारायण मंडल में

- शिवरीनारायण मंडल का मंडल स्तरीय सशक्तिकरण कार्यशाला का हुआ आयोजन

श्री आनंदम धाम के पास किया गया। कार्यशाला में मार्गदर्शन के लिए प्रमुख रूप से गुलाब सिंह चंदेल जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी उपस्थित हुए।

जिलाध्यक्ष श्री चंदेल ने युवा मोर्चा के पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए विस्तार रूप से अनेक जानकारी प्रदान की। उन्होंने आगे भविष्य में युवाओं को पार्टी में



सशक्तिकरण कार्यशाला में शामिल भाजपा जिलाध्यक्ष एवं पदाधिकारी।

मजबूती से कार्य करने की प्रेरणा दी। लोकसभा चुनाव को देखते हुए युवा मोर्चा को और अधिक सशक्त और मजबूत बनाने के लिए भी विस्तार से चर्चा की गई। युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष मुकेश जायसवाल ने कहा कि विपक्ष में रहते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओ ने विभिन्न आंदोलनों में अग्रणी भूमिका निभाई है और आगे भी निरंतर नवीन ऊर्जा के साथ कार्य करेगी। युवा मोर्चा शिवरीनारायण मंडल ने जिले ही नहीं पूरे प्रदेश में विपक्ष की राजनीति में को अपनी छाप छोड़ी है उसके लिए भी शिवरीनारायण मंडल को धन्यवाद ज्ञापित किया। मंडल अध्यक्ष अंकुर गोयल एवं उनकी टीम के नेतृत्व में शिवरीनारायण मंडल ने पूरे प्रदेश में युवा मोर्चा के सभी कार्यक्रमों को जन जन तक पूरी मजबूती से पहुंचाया है। शिवरीनारायण मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष अंकुर गोयल ने बताया कि युवा मोर्चा शिवरीनारायण के कार्यकर्ताओ ने विगत चुनाव में उत्साह के साथ कार्य किया था, जिसके परिणाम स्वरूप शिवरीनारायण के सभी सात बूथ में भारतीय जनता पार्टी विजयी हुई थी। उन्होंने कहा आने वाले चुनाव में युवा जोश के साथ कार्य करेंगे। इस कार्यशाला में प्रमुख रूप से चिराग केशरवानी जिला महामंत्री भारतीय जनता युवा मोर्चा, ज़िला सह प्रशिक्षण प्रमुख सचि तिवारी, राजा सिंघानिया, घाशीराज कश्यप, अजय कश्यप, ललित कश्यप, चेतन शर्मा, आकाश साहू,मनीष कश्यप, गिरीश साहू, सत्येंद्र कुर्रे, भुनेश्वर कश्यप सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

